वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 253 रविवार 8 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# आमजन के साथ सेलिब्रिटीज को भी रास आने लगी चौपाटियां

### मशहूर कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान ने भी चौपाटी पर उठाया स्ट्रीट फूड का लुत्फ। मौके से ही आवासन आयुक्त को फोन कर गुणवत्ता युक्त स्ट्रीट फूड व व्यवस्थाओं पर दी बधाई

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाई गई चौपाटी ना केवल आमजन को लुभा रही है बल्कि सेलिब्रिटीज को भी रास आने लगी है। शनिवार को मानसरोवर स्थित चौपाटी पर मशहूर कोरियोग्राफर और फिल्म निर्देशक फरहा खान ने विजिट की और स्ट्रीट फूड का लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा कि देशभर में किसी सरकारी संस्था द्वारा इस तरह का नवाचार नहीं देखने को मिला। फरहा खान ने चौपाटी से ही आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को फोन करके ना केवल इस नवाचार के लिए बधाई दी बल्कि गुणवत्ता युक्त स्ट्रीट फूड को भी सराहा। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरीके के प्रयोग अन्य राज्यों की सरकारें भी करें तो बड़ी फूड चेन कंपनी भी



देखती रह जाएंगी। आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में आमजन को उनके आसपास के क्षेत्र में गुणवत्ता युक्त स्ट्रीट फूड व मनोरंजन उपलब्ध कराने के जयपुर के प्रताप नगर और मानसरोवर में चौपाटी जैसा नवाचार किया गया है। गौरतलब है कि विगत वर्षों में बुधवार नीलामी उत्सव, ई-बिड सबमिशन एवं ई-ऑक्शन जैसे नवाचारों के जरिये 16 हजार से अधिक अधिशेष सम्पत्तियों के निस्तारण, कोचिंग हब, विधायक आवास, मुख्यमंत्री जन आवास योजना, एआईएस एवं एसएस रेजीडेंसी, जयपुर चौपाटी जैसी परियोजनाओं तथा प्रशासनिक सुधार के सफल प्रयासों के चलते राजस्थान आवासन मण्डल ने नई पहचान कायम कर स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड-2022 भी हासिल किया है।

# संत कबीर की ''भाव सलिला'' में दर्शकों ने लगाए गोते

### जेकेके में भक्ति की बयार, भजनों व बैले प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

**जयपुर. कासं।** अध्यात्म से सराबोर माहौल, सुरीली रसधार सी बहती कबीर वाणी, बैले में झलकते कबीर के भाव। कुछ ऐसा ही नजारा दिखा जवाहर कला केंद्र में। मौका था जवाहर कला केंद्र की ओर से सुरसंगम संस्थान के क्यूरेशन में आयोजित कार्यक्रम ''भाव सलीला'' का। गायिका संपत सैनी और लखनऊ घराने की कथक नृत्यांगना डॉ. विधि नागर ने सदियों से बहती संतों के भावों की सरस सलीला में गोते लगाने को मजबूर कर दिया। ''मैं तो उन सन्तन का दास जिन्होंने मन मार लिया'' भजन के साथ संपत सैनी ने गायन शुरू किया। ''सत्संग करके अनेकों तिर गए'' भजन में सत्संग की महिमा बताई गयी। इसके बाद ''संतों कूण आए कूण जाए'', ''आपणों है ना रे कोई'' भजन पेश किए। ''गुरु बिन जीवन यूं चले जाणे बिन नंबर का नोट, बाहर लाली प्रेम की भीतर भरया घणा खोट, थे तो आइयो गुरुसा म्हारे देश अंखियां दर्शन की प्यासी भई।'' जीवन में गुरु का महत्व भजन में जाहिर हुआ। संपत की प्रस्तुति में गुरु महाराज की महिमा के साथ राजस्थानी भाषा का सौंदर्य झलका। पवन कुमार डांगी ने ढोलक, सावन कुमार डंगी ने तबला तो हेमंत डांगी ने की-बोर्ड पर संगत की।



# यादों के झरोखे में निखरा इरफान

### अभिनेता इरफान खान के 56वें जन्मदिन पर जयपुर में हुआ विशेष कार्यक्रम, शहर की यादों को किया ताजा

**जयपुर. कासं**

स्वागत जयपुर फाउंडेशन और आईसीए गैलेरी की ओर से अभिनेता इरफान खान के बर्थडे के मौके पर 'यादों के झरोखे में... इरफान' कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें अनूठे अंदाज में याद किया गया। इस मौके पर रामगढ़ मोड स्थित आईसीए गैलेरी में इरफान के भाई इमरान खान सहित शहर की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत में केक सेरेमनी का आयोजन किया गया। वहीं इरफान खान के भाई इमरान खान ने भी अपने जज्बातों को बयां किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एड गुरु अजय चौपड़ा, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री सैय्यद शाकिर अली और राजस्थान उर्दू अकादमी के चेयरमैन डॉ. हुसैन रजा खान ने इरफान खान के फोटोग्राफ्स पर आधारित फोटो एग्जीबिशन का उद्घाटन किया गया। एग्जिबिशन में इरफान के बचपन से लेकर जवानी तक की फोटोग्राफ्स को डिस्प्ले किया



गया। एग्जिबिशन क्यूरेटर हेमराणा ने बताया कि इन फोटोज में इरफान के शुरूआती संघर्ष को बयां किया गया। कुछ बातें...कुछ यादें इरफान कीं स्वागत जयपुर फाउंडेशन के चेयरमैन इकबाल खान नियाजी ने बताया कि टॉक शो में कई हस्तियों ने इरफान से जुड़ी यादों को शेयर किया। अजय चौपड़ा ने कहा कि इरफान जैसे कलाकार कम ही पैदा होते हैं, उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि इरफान की पतंगों के प्रति दीवानगी के चलते एक बार जेकेके में काइट फेस्टिवल भी करने का मौका मिला।

# 'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता' पर दिनांक 3 से 9 जनवरी, 2023 तक सात- दिवसीय कार्यशाला का आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा ''मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता'' पर दिनांक 3 से 9 जनवरी, 2023 तक सात- दिवसीय कार्यशाला के पाँचवे दिन राजस्थान विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर प्रेरणा पुरी वक्ता रहीं, जिन्होंने अमरीकी उद्यमी हैनरी फोर्ड के कथन ''वैदर यू थिंक यू कैन, ऑर थिंक यू कैननॉट। यू आर राइट'' का उदाहरण देते हुए बताया कि हम किसी भी परिस्थिति में क्यों न हों, हमें सदैव पॉजिटिव रहना चाहिए। ''पॉजिटिव थिंकिंग'' पर छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने स्ट्रैस, डिप्रेशन और पॉजिटिविटी जैसे विषयों पर चर्चा की। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने संबोधन से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं इस कार्यशाला को छात्राओं के लिए उपयोगी बताया। कार्यशाला में विभाग की 67 छात्राओं ने भाग लिया। स्वागत वक्तव्य एवं कार्यक्रम संचालन प्राध्यापिका आयुषि सोरल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. शुचि चौधरी ने किया। कार्यशाला के छठवें दिन 8 जनवरी को महाविद्यालय की इन-हाउस फैकल्टी महिमा रामचंदानी द्वारा ''कॉग्निटिव बिहेवरल थैरेपी'' एवं आयुषि सोरल द्वारा ''सिस्टमैटिक डिसेंसिटाइजेशन'' एवं कार्यशाला के अंतिम दिन 9 जनवरी को राजस्थान विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की पूर्व डीन एवं मनोविज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. मधु जैन द्वारा ''आर्ट ऑफ फॉरगिवनैस'' विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा।

## ''जय गोमटेश बाहुबली तीर्थ यात्रा'' का हुआ समापन






**सीकर. शाबाश इंडिया।** जैन समाज सीकर के आशीर्वाद से जय जिनेंद्र ग्रुप द्वारा आयोजित ''जय गोमटेश बाहुबली तीर्थवंदना'' संपूर्ण कर्नाटक प्रदेश के तीर्थ स्थलों का दर्शन कर वापस पहुंची। यात्रा संयोजक प्रदीप विनायक्या ने बताया कि यह यात्रा 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर 5 जनवरी तक आयोजित रही, जिसमें नागौर, सोनदामठ कनक गिरी, हेलोब्लू, श्रवणबेलगोला, बेलूर, वेनूर, जैन गुथी, धर्मस्थल, हुमचा पद्मावती, ज्वालिनी माता, आदि अनेक स्थानों के दर्शन प्राप्त हुए। यात्रा के दौरान कर्नाटक प्रांत के राज्यसभा सदस्य व श्रेष्ठ दानवीर वीरेंद्र हेगड़े ने यात्रा सहयोग से शिष्टाचार मुलाकात की एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। तीर्थ यात्राओं का नागौर, सूरत, श्रवणबेलगोला, कुचामन, चितावा में जैन समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अमित पिराका ने बताया कि निर्विघ्न संपूर्ण तीर्थ वंदना का सभी यात्रियों ने खूब आनंद लिया। यात्रा के अंतिम पड़ाव में सभी तीर्थ यात्रियों ने एक दूसरे से क्षमा याचना करते हुए अपने-अपने स्थानों पर प्रस्थान किया।

## लड़ लो, झगड़ लो, पर बोल चाल बन्द मत करो

### ना परिवार से अलग होने की बात करो, ना सोचो : अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी

**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

उन पत्तों की कोइ कद्र नहीं होती, जो पत्ते पेड़ से टूटकर गिर जाते हैं। कल सुबह मन्दिर की छत पर खडा था। एक व्यक्ति अपने पड़ोसी से झगड़ रहा था। हमने पूछा - ? क्या बात है - ? सुबह से झगड़ने लगे हो। वह बोला, इसने मुझे गाली दी है- ? हमने कहा - उसने गाली दी। मगर तूने ली क्यों- ? वह गाली देने के लिए स्वतंत्र है। गाली ना लेने के लिए तू भी तो उतना ही स्वतंत्र है। गाली तो बैरंग चिट्ठी है, यदि तुम उसे नहीं लोगे, तो वह वापस देने वाले के पास चली जाएगी। गाली तो मन का विकार है। दुनिया की तबाही के लिए एक तीली काफी है और आदमी की तबाही के लिए एक गाली काफी है।



# केंद्रीय रेल राज्यमंत्री एवं सूरत सांसद दर्शनाबेन जरदोस से मिली विरागोदय समिति



## पथरिया पहुंच एसपी ने लिया तैयारियां का जायजा।

**राजेश जैन रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**

**पथरिया।** नगर में स्थित जैन तीर्थ विरागोदय धर्म धाम में 1फरवरी से 15 फरवरी तक गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी के सानिध्य में आयोजित होने जा रहे महामहोत्सव के लिए महोत्सव प्रशासनिक समिति ने सूरत (गुजरात) पहुंचकर भारत सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री रेलवे विभाग की, सूरत सांसद दर्शना बेन जरदोस से मुलाकात की एवं महोत्सव हेतु आमंत्रित किया। केंद्रीय राज्य रेलमंत्री से ट्रेनों के स्टॉप के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा करके रेल्वे विभाग में कार्य हेतु तुरंत निर्देशित किया साथ ही पथरिया नगर आगमन हेतु स्वीकृति प्रदान की एवं महोत्सव में संपूर्ण सहयोग हेतु आश्वासन दिया। इस अवसर पर गौतम साह पूर्व मेयर अहमदाबाद, अरुण कोटारिया कोषाध्यक्ष, सूरत जैन समाज के ट्रस्टी सहित, रोहित जैन पथरिया उपस्थित रहे। पथरिया नगर के बहुचर्चित कार्यक्रम विरागोदय तीर्थ महोत्सव से संबंधित कार्यों की जानकारी लेने पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह एवं एसडीओपी आर पी रावत ने दमोह जिले के पथरिया नगर स्थित विरागोदय तीर्थ पहुंचे एवं कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियां का जायजा लिया। कार्यक्रम में आने वाले सभी यात्रियों एवं सभी समस्त कार्यों के लिए बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए कार्य हेतु आश्वासन दिया इस अवसर पर क्षेत्र समिति अध्यक्ष आलोक चौधरी, महामहोत्सव महामंत्री सत्यपाल जैन, मुख्य संयोजक संदीप जैन (कानपुर), गोलू बड़कुल, जितेंद्र जैन (बंटू) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रस्ट ने इस बर्ष 1020 कम्बलों का किया वितरण



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर की एक संस्था ठिठुरते हुए उन लोगों के लिये सर्दी आने के साथ ही प्रतिदिन निरंतर कम्बल बांट रही हैं। विशेष पुण्य-दिवसों पर अधिक से अधिक लाचार व्यक्तियों की सहायता करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर के सरकारी अस्पतालों (टोमा, बांगड़, जेकेलोन, जयपुरिया एवं महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट) हॉस्पिटलो में दिनांक 6/1/2023 शुक्रवार पूर्णिमा पर कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपनी योजना वस्त्र बैंक के माध्यम से 145 कमबलों का वितरण किया। संस्था इस बर्ष अब तक 1020 कम्बल का वितरण कर चुकी हैं, जिसमें बहुत से दानदाताओं का सहयोग रहा है। ये मुहिम मकर संक्रांति तक चलेगी।

# गौ माता की सेवा सबसे उत्तम सेवा है : पूनम अंकुर छाबड़ा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज जयपुर के गांधी पथ वेस्ट वैशाली नगर में राधे सेवा समिति की तरफ से आयोजित श्रीमद भागवत गीता कथा के समापन पर शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूनम अंकुर छाबड़ा मुख्य अतिथि रूप में सम्मिलित हुई। पूनम अंकुर छाबड़ा ने कथा में अपने संबोधन में कहा कि भागवत कथा में जाना सौभाग्य ही है, भगवान के भजनों का आनंद लेने के साथ जो सकारात्मक ऊर्जा मिलती है वो शायद हमें कहीं और से प्राप्त नहीं हो सकती। पूनम अंकुर छाबड़ा ने गौ माता की सेवा को सर्वोत्तम बताया। नशा नाश की जड़ है। सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई। गौरतलब है पूनम अंकुर छाबड़ा पूर्व विधायक गुरुशरण छाबड़ा जी की पुत्रवधू हैं जिनकी शहादत इस मिशन की दौरान हुई, उनके इस शराबबन्दी आंदोलन को देश-विदेश में जनजागरूकता के माध्यम से पूनम अंकुर छाबड़ा अनेक वर्षों से फैला रही है। पूनम अंकुर छाबड़ा ने कथावाचक व्यास जी व उम्मेद सिंह शेखावत जी का धन्यवाद अर्पित किया। कथा के व्यस्थापक तेजपाल चौधरी, देवी राम गुप्ता, बंशी लाल कुमावत, कृष्ण राव, राकेश कुमावत, जयादित्य सिंह शेखावत, कैलाश जांगिड, कल्पना गुप्ता, आशा राजावत, कृष्णा चोपड़ा, योगिता चौधरी, ममता कुमावत, समस्त गिरिराज विहार कॉलोनी निवासी ने आयोजित की ।

# पौष बड़ों का आयोजन

## सजी भोलेनाथ की झांकी



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जौहरी बाजार के हल्दियों का रास्ता के मनीराम जी की कोठी शीतलेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार को पौष बड़ों का आयोजन किया गया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समाजसेवी कैलाश चन्द माणक चन्द रमेश ठोलिया परिवार की ओर से आयोजित इस आयोजन में भक्ति संगीत की लहरियों में श्रद्धालु झूम उठे इस मौके पर भगवान भोलेनाथ की मनोरम झांकी सजाई गई। रमेश ठोलिया ने बताया कि हर साल पौष बड़ो का आयोजन किया जाता है तथा झांकी सजाई जाती है। भक्तगण दूर-दूर से भक्ति संगीत में शामिल होने तथा प्रसादी ग्रहण करने आते हैं।

## वेद ज्ञान

### विचार मन का वेग है

विचार एक ऊर्जा (एनर्जी) है, जो मनुष्य के अंतःकरण में प्रकट होती है। जिस प्रकार मन के विकार से काम, क्रोध, लोभ आदि मनोवेग पैदा होते हैं, उसी प्रकार मन के विकार से विचार भी पैदा होता है। अभी तक हम विचार को भाव समझते रहे हैं, जिसका कोई अर्थ नहीं माना जाता था। हम यही समझते थे कि हवा के झोंकों की तरह कुछ बात मन में उठती है और सागर की लहर की तरह विलीन हो जाती है। अब तक सागर की लहर को भी ऊर्जा नहीं माना जाता था, लेकिन अब यह बात सिद्ध हो चुकी है कि सागर की लहर में अपार ऊर्जा है। विचार मन का वेग है। जिस प्रकार काम, क्रोध के वेग से मनुष्य का व्यक्तित्व प्रभावित होता है, उसी प्रकार विचार के वेग से मनुष्य का संपूर्ण व्यक्तित्व प्रभावित होता है, लेकिन हमें उसका अनुभव नहीं है। ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसी संवेदनशीलता अभी तक हमने पैदा नहीं की है। हमारा सेंस ऑर्गेन इतना संवेदनशील नहीं है कि विचार की उत्पत्ति के मूल स्रोत को जान सकें। इसलिए हमें पता नहीं चलता कि मन में विचार कहां से उत्पन्न होता है और कहां चला जाता है। विज्ञान अब पूरी तरह मानने लगा है कि विचार एक ऊर्जा है और बहुत ही शक्तिशाली ऊर्जा है। यह वेगवान भी है जो किसी भी वस्तु को आसानी से प्रभावित कर सकता है। पदार्थ एक स्थूल वस्तु है और विचार एक अतिसूक्ष्म ऊर्जा। इसीलिए वैज्ञानिकों का मानना है कि इसे अदृश्य और सूक्ष्म ऊर्जा से पदार्थ को आसानी से प्रभावित किया जा सकता है। हाल ही में रूस के वैज्ञानिकों ने प्रयोग करके सिद्ध कर दिया है कि विचार के परमाणु पदार्थ के परमाणु को आसानी से प्रभावित कर देते हैं। विचार के परमाणु में वेग अधिक होता है और पदार्थ का परमाणु किसी स्थूल वस्तु में छिपा रहता है। इसलिए उसमें वेग कम होता है। शायद इसीलिए आइंस्टीन ने कभी कहा था कि जो पदार्थ तुम देखते हो, वह तरंग है, ऊर्जा है, क्योंकि पदार्थ की अंतिम परिणति ऊर्जा है। पदार्थ से ही ऊर्जा बनती है और ऊर्जा से ही पदार्थ बनता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। विज्ञान कहता है कि ऊर्जा का नाश नहीं किया जा सकता, उसका रूपांतरण हो सकता है। तब तो स्पष्ट हो गया कि काम, क्रोध आदि मन से उत्पन्न विचार पूर्ण रूप से ऊर्जा हैं।

## संपादकीय

# चीन के लिए दो टूक संदेश

भारत के साथ सीमा विवाद पर चीन के रवैए को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर नाराजगी भरे अंदाज में जो कहा, वह चीन के लिए दो टूक संदेश है। आस्ट्रिया की राजधानी वियना में मीडिया से बातचीत में जयशंकर ने साफ कहा कि आज भारत और चीन के बीच जो तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं, उसका दोषी चीन ही है। वह पहले विवाद खड़े करता है और फिर उन्हें सुलझाने के लिए जो समझौते करता है, उनका भी पालन नहीं करता। चीन के इस कुटिल रवैए को लेकर विदेश मंत्री यह बात राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों से बार-बार कहते रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि चीन वर्षों से भारत को सीमा विवाद में जिस तरह से उलझाता जा रहा है, उससे क्षेत्रीय शांति को भी खतरा बढ़ रहा है। इतना ही नहीं, चीन भारत से लगी सीमा पर कई इलाकों में जिस तरह से घुसपैठ करता रहा है, उसका नतीजा यह हुआ है कि उत्तर-पूर्व से लेकर लेह-लद्दाख तक नए-नए विवादित सीमा क्षेत्र बनते जा रहे हैं। जाहिर है, भारत को भी हर ऐसे मोर्चे पर अपनी सुरक्षा मजबूत करनी पड़ रही है जहां पिछले कुछ सालों में चीन की गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर चीन अपना दोहरे चरित्र वाला रवैया छोड़ दे और सीमा विवाद से जुड़े समझौतों का पालन करे तो दोनों देशों के बीच हर समस्या का समाधान आसानी से निकल सकता है। भारत तो हमेशा से यह कहता भी रहा है कि वह सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का पक्षधर है। लेकिन चीन का दादागीरी भरा रवैया भारत के शांति प्रयासों पर पानी फेरने वाला ही रहा है। इसीलिए विदेश मंत्री जयशंकर को बार-बार यह कहने को मजबूर होना पड़ता है कि सीमा पर तनाव भरे हालात चीन के रवैए की वजह से बिगड़ते जा रहे हैं। गलवान की घटना और उसके बाद भारत के कई इलाकों में अतिक्रमण और घुसपैठ की चीनी सैनिकों की कोशिशें इसका उदाहरण हैं। गौरतलब है कि जून 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया था और इसमें चौबीस भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। चीनी सैनिकों ने भारत की सीमा में जिन इलाकों में अतिक्रमण कर लिया था, वहां से चीन को पीछे हटाने के लिए अब तक शांति वाताओं के दौर चल रहे हैं और अभी भी पूर्वी लद्दाख में हालात तनावपूर्ण ही हैं। सीमा विवाद शांति और सद्भाव से सुलझ जाए, इसके लिए भारत की ओर से कम प्रयास नहीं हुए। साल 1996 में दोनों देशों के बीच हुए एक समझौते में साफ कहा गया था कि कोई भी पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी के दो किलोमीटर के दायरे में गोली नहीं चलाएगा, न ही इस क्षेत्र में बंदूक, रासायनिक हथियार या विस्फोटक ले जाने की अनुमति होगी। इसके अलावा, 2013 में किए गए



## परिदृश्य

# खौफ में स्त्री...

इससे बडी विडंबना क्या होगी कि इक्कीसवीं सदी का सफर करते जिस भारत में अर्थव्यवस्था और विकास की नई ऊंचाइयां छूने की बातें मुख्यधारा के विमर्श के केंद्र में हैं, वहीं आज भी यहां महिलाएं हर रोज बहुस्तरीय जोखिम के बीच अपनी जिंदगी गुजार रही हैं। आखिर ऐसा क्यों है कि किसी वजह से एक महिला का सड़क पर निकलना खतरे से खाली नहीं है? दूरदराज के इलाकों की हालत तो दूर, शहरों, महानगरों और यहां तक कि देश की राजधानी में भी अगर महिलाएं सुरक्षित और सहज जिंदगी को लेकर निश्चिंत नहीं हैं, तो यह किस तरह का विकास है? हाल में अपना काम खत्म करके घर लौटती लड़की कार में फंसी रही और उसमें सवार लोग कई किलोमीटर तक उसे घसीटते रहे, जिसकी वजह से बेहद दर्दनाक तरीके से उसकी मौत हो गई। इस तरह की घटना को क्या सिर्फ कोई सड़क हादसा मान कर नजरअंदाज किया जा सकता है? क्या ऐसी ही अनदेखी और उदासीनता का नतीजा यह नहीं है कि आज भी महिलाएं खुद को सुरक्षित नहीं पाती हैं? शायद यही वजह है कि दिल्ली महिला आयोग ने केंद्र गृह सचिव को पत्र लिख कर महिलाओं के खिलाफ अपराध से निपटने के संदर्भ में समन्वित नीति बनाने के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाने की मांग की है। अफसोसनाक यह है कि कहीं हादसे या कहीं संबंध के नाम पर, तो कहीं किसी और वजह से ज्यादातर महिलाएं हर वक्त एक प्रत्यक्ष या परोक्ष जोखिम से गुजरती रहती हैं। दिल्ली के कंझावला में कार से घसीटने से हुई लड़की की मौत ने तमाम संवेदनशील लोगों को झकझोर दिया और लोग इस भावनात्मक झटके से दो-चार थे कि इस बीच दिल्ली में ही एक युवक ने महज रिश्ते में उतार-चढ़ाव की वजह से अपनी ही साथी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। अक्सर होने वाली ऐसी घटनाओं के बाद तकनीकी मदद से कई बार आरोपी पकड़ में तो आ जाते हैं, लेकिन अब तक ऐसा संभव नहीं हो सका है जिसमें आपराधिक प्रवृत्ति वाले किसी शख्स को ऐसी वारदात को अंजाम देने से पहले रोका जा सके। जाहिर है, अगर खुली सड़क पर किसी महिला पर जानलेवा हमला होता है या उसकी हत्या कर दी जाती है तो आरोपी व्यक्ति के सामने पुलिस और उसकी कार्रवाई का भय शायद बहुत ज्यादा नहीं होता। अगर अपराधियों के सामने चौकस कानून-व्यवस्था एक चुनौती हो तो वह महिलाओं के खिलाफ अपराध करने से पहले एक बार हिचकेगा जरूर। करीब दस साल पहले दिल्ली में जब चलती बस में निर्भया से बलात्कार और उसकी हत्या की बर्बर घटना सामने आई थी, तब देश भर में उसे लेकर एक आंदोलन खड़ा हो गया था। लगभग सब लोगों के भीतर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता थी। पीड़ित महिलाओं के लिए निर्भया कोष बनाने से लेकर पहले से ज्यादा सख्त कानूनी प्रावधान किए गए। तब न सिर्फ महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर देश में एक आक्रोश की लहर देखी गई थी, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता का भी माहौल बनता दिखा था। उससे यह उम्मीद जगी थी कि निर्भया के खिलाफ बर्बरता की इंतहा से दुखी समाज में कम से कम भविष्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक संवेदना और जिम्मेदारी का विकास हो सकेगा। लेकिन उसके बाद के वर्षों में महिलाओं का जीवन जिस तरह लगातार जोखिम और अपराध से दो-चार होता रहा, उससे यही लगता है कि सामाजिक जागरूकता के समांतर ही चौकसी के साथ कानूनी कार्रवाई में सख्ती की बेहद जरूरत है।

# लीनेस क्लब स्वरा द्वारा कंबल वितरण




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लीनेस क्लब स्वरा के सामाजिक कार्यक्रम की श्रृंखला में इस भीषण सर्दी के अवसर पर जरूरतमंद लोगो को कम्बल का वितरण किया गया। अध्यक्ष स्वाति जैन एवं सचिव मोना जैन ने बताया इस अवसर पर ममता जैन, वीना गुप्ता मौजूद थी।

# हस्तशिल्प उत्सव में सीएम ने निफ्ट जोधपुर की स्टॉल विजिट कर दिया ऑटोग्राफ




**जोधपुर. शाबाश इंडिया**

पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े हस्तशिल्प उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को सीएम अशोक गहलोत की ओर से किया गया था। कोविड की वजह से दो साल बाद इस मेले को लगाया गया है। इस मेले को लेकर इस बार तैयारियां भी खास हो रखी है। जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान में जिला प्रशासन, जिला उद्योग केन्द्र जोधपुर, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर तथा नोडल एजेन्सी मरुधरा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) जोधपुर के निदेशक प्रो (डॉ) जीएचएस प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निफ्ट जोधपुर की स्टॉल को विजिट कर आर्टिजन्स के प्रोत्साहन के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और ऑटोग्राफ दिया। निफ्ट से इस उत्सव के समन्वयक डॉ चेतराम मीणा और डॉ जन्मय सिंह हाडा ने बताया कि ये मेला इस बार जोधपुरवासियों के लिए काफी खास होने वाला है। यहां अलग-अलग प्रकार के फैशन, डिजाइन से संबंधी प्रदर्शनी भी लगाई गई है। स्क्रैप से बनी शिव प्रतिमा से लेकर महात्मा गांधी का स्टैच्यू के साथ यहां गांधी दर्शन का पेनोरमा तैयार किया गया है। इसके अलावा जोधपुर की संस्कृतिक को दर्शाते हुए मॉडल भी तैयार किए गए हैं। 10 डोम में 600 स्टॉल का निर्माण करवाया गया है, जिसमें 15 से अधिक राज्यों के हस्तशिल्पी अपने प्रोडक्ट डिस्प्ले कर रहे है।

# आज निकाली जायेगी भव्य आध्य महालक्ष्मी मंदिर निर्माण जन आशीर्वाद रथयात्रा



**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** रविवार को अजमेर में निकाली जायेगी भव्य आध्य महालक्ष्मी मंदिर निर्माण जन आशीर्वाद रथयात्रा, अग्रवाल बंधुओं सहित आमजन होंगे शामिल। रथयात्रा ने शनिवार को अजमेर के पुष्कर रोड़, फॉयसागर रोड़, गोकुल धाम, ज्ञान विहार कॉलोनी, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, कोटड़ा, प्रगति नगर, राधा विहार कॉलोनी, मोती विहार कॉलोनी व रामनगर क्षेत्र में भ्रमण किया। अग्रोहा शक्ति पीठ में निमार्णाधीन आध्य महालक्ष्मी जी एवं अष्टलक्ष्मी जी के विशाल एवं विश्वस्तरीय भव्य मंदिर के व्यापक प्रचार प्रसार तथा देश के प्रत्येक अग्रवाल परिवार व आमजन की भावना को इस मंदिर निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से निकाली जा रही रथ यात्रा का अजमेर आगमन के छठे दिन शनिवार को पुनः अजमेर शहर के पुष्कर रोड़, फॉयसागर रोड़ व कोटडा आदि क्षेत्रों में भव्य स्वागत किया गया तथा संस्था पदाधिकारियों द्वारा अजमेर में रविवार को निकाली जाने वाली महालक्ष्मी जी के रथ की भव्य शोभायात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गयी। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, जिला शाखा अजमेर के जिला अध्यक्ष गिरधारीलाल मंगल व जिला महामंत्री पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 8 जनवरी रविवार को प्रातः 10:00 बजे आध्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथयात्रा का भव्य शोभायात्रा पद्मा डेयरी, सीताराम बाजार से प्रारम्भ होगी जो केसरगंज पुलिस चौकी, टीकमगंज, बाजे वाली गली, लाल कोठी, पड़ाव, क्लॉक टावर, मदार गेट, गांधी भवन, चूड़ी बाजार, गोल प्याऊ, नया बाजार, आगरा गेट महाराजा अग्रसेन सर्किल होते हुए महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल पहुंचकर स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के साथ संपन्न होगी। मंगल व अग्रवाल ने बताया कि रथयात्रा जुलूस को लेकर समाज बंधुओं, मातृ शक्ति व युवाओं सहित आमजन में भी काफी उत्साह है। पूरे शोभायात्रा मार्ग में कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं तथा व्यापारियों एवं आमजन द्वारा जगह जगह महालक्ष्मी जी की आरती, स्वागत सत्कार आदि कार्यक्रम किये जायेंगे। अग्रसेन स्कूल में समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक गर्ग होंगे तथा विशिष्ट अतिथि अग्र भागवत कथा प्रचार प्रसार समिति के राष्ट्रीय संयोजक बनवारी लाल नाटिया, संस्था प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक पंसारी, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल आदि होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल मंगल करेंगे। संस्था प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक पंसारी, जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल मंगल, महामंत्री शैलेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल व महिला जिलाध्यक्ष रेणु मित्तल ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व आध्य महालक्ष्मी जी व अष्ट महालक्ष्मी जी के विश्व स्तरीय भव्य मंदिर निर्माण कार्य से पूरे देश के अग्रजनों व आमजन को जोड़ने के उद्देश्य से महालक्ष्मी जी के 18 रथ अलग अलग स्थानों से निकाले गये थे जो 11 लाख किलोमीटर की यात्रा करेंगे। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि अग्रोहा शक्तिपीठ में निमार्णाधीन भव्य मंदिर को लेकर निकाली जा रही रथयात्रा को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है तथा समाज बंधु तन मन धन से भरपूर सहयोग कर रहे हैं। सभी जगह अग्रवाल बंधुओं के साथ ही आमजन भी महालक्ष्मी जी का पूजन व आरती कर रहे हैं वहीं मंदिर निर्माण के लिये अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन संस्था द्वारा जारी की गयी हुंडी लेने के लिये भी बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। शनिवार सुबह महालक्ष्मी रथ यात्रा ने श्री अग्रोहा बंधु पश्चिम क्षेत्र में भ्रमण किया रथयात्रा के पहुँचने पर संस्था संरक्षक चेतन सर्राफ, सह सरंक्षक ओम प्रकाश गर्ग, अध्यक्ष डॉ विष्णु चौधरी, सचिव महेंद्र जैन मित्तल, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल सहित अनेक समाज बंधुओं ने रथ की अगवानी कर पूजा अर्चना की फिर रथयात्रा का ढोल ढमाकों से पुष्कर रोड़, नवग्रह कॉलोनी, फॉयसागर रोड़, प्रकाश नगर, सुधा सागर कॉलोनी, टेलीफोन एक्सचेंज तिराहा, गोकुल धाम, ज्ञान विहार, हरि भाऊ उपाध्याय नगर, प्रगति नगर, राधा विहार, मोती विहार, पंचौली चौराहा रामनगर आदि पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया गया जगह अग्रवाल बंधुओं व मातृ शक्ति ने स्वागत व पूजा आरती की।






# अंतरराष्ट्रीय क्लासिकल डांस फेस्टिवल जारी: दूसरे दिन कथक, भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी समेत कई नृत्य विधाओं का नजर आया संगम

## रायपुर के आरती एन्ड ग्रुप के कथक से साकार हुआ वैदिक काल पूजन से आधुनिककाल के रंगमंच तक का सफ

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

सुखाड़िया रंगमंच पर ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन, कथक आश्रम उदयपुर, दिव्य ट्राइब ओर बी.बी. क्रिएटिव वर्ल्ड की ओर से आयोजित पांचवे अंतरराष्ट्रीय क्लासिकल डांस फेस्टिवल में दूसरे दिन शनिवार को रायपुर से आये कथक ग्रुप ने 1 घंटे की विशेष प्रस्तुति से ऐसा समा बांधा की दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। फेस्टिवल की उदयपुर निदेशक चंद्रकला चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राजसमन्द विधायक दीप्ती किरण माहेश्वरी, अर्चना ग्रुप निदेशक नेहा पालीवाल, डॉ. आनंद गुप्ता, डॉ. श्रृद्धा गट्टानी, समाजसेवी तुषार मेहता, पार्षद सोनिका जैन,पार्षद रेखा ऊंटवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। दिव्य ट्राइब की निदेशक डॉ. दिव्यानी कटारा ने बताया कि चेन्नई की रुचि कृष्णा ने कुच्चीपुड़ी की सुंदर नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से गणेश वंदना और देवी रंजनी माला का कीर्तन किया। रुचि ने अपने इस सम्पूर्ण नृत्य में देवी कामाक्षी और प्रकृति के बीच मधुर संबंध को भी दर्शाया। ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन निदेशक डॉ. रितेश बाबू ने बताया कि रायपुर छत्तीसगढ़ के कमलादेवी संगीत विश्वविद्यालय के डॉ. आरती सिंह एन्ड ग्रुप ने कथक नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति में भारतीय नृत्यशास्त्र के अलावा वैष्णवकाल में मंदिर नृत्य आराधना के साथ वर्तमान समय के आधुनिकरण में नृत्य की स्टेज यात्रा को बखूबी रेखांकित किया। फेस्टिवल के सह-आयोजक विकास जोशी ने बताया कि आयोजन में विशेष रूप से वंडर सीमेंट, फ्यूजन, होटल प्राइड, दिव्य ट्राइब, अरुणोदय ग्रुप, सत्यनाम रोड लाइन्स, एमडीएस स्कूल, ग्लोबल पब्लिकेशन, ग्राफ्टर एकेडमी का सहयोग रहा। संचालन स्कॉलर्स एरिना के निदेशक लोकेश जैन द्वारा किया गया।

**फोटो/रिपोर्ट:**
**राकेश शर्मा 'राजदीप'**
**मोबाइल:9829050939**






# आंतों में जमे हुए मल को साफ करने का कोई पक्का इंतजाम क्या हो सकता है?





डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर। 9828011871

शाबाश इंडिया

आंत हमारे पेट का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पेट में दो आंतें होती हैं छोटी और बड़ी आंत। बड़ी आंत की औसत लंबाई लगभग 5 फुट होती है। आप जो भी खाते हैं, उसके पचने के बाद अवशिष्ट पदार्थ बड़ी आंतों में जमा होते रहते हैं। ये अवशिष्ट पदार्थ मल के रूप में मलद्वार से बाहर निकल जाते हैं। कई बार बड़ी आंतों में कुछ समस्या होने से उसकी सफाई ठीक से नहीं हो पाती है। बड़ी आंत पाचन तंत्र की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पाचन क्रिया सही तरीके से काम करे, इसके लिए बड़ी आतों की साफ-सफाई भी जरूरी है। बड़ी आंत को साफ रखने से मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है। जो लोग कब्ज से ग्रस्त रहते हैं, अक्सर उन्हें कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। हालांकि, कोलोन की सफाई, टॉक्सिक पदार्थों बाहर निकालने के लिए डॉक्टरी सलाह जरूरी है। आप बड़ी आंत या कोलोन की साफ-सफाई या डिटॉक्सिफिकेशन कुछ घरेलू तरीकों से भी कर सकते हैं।

## आंतों की सफाई के लिए पिएं खूब पानी

कई बार तरल पदार्थों जैसे पानी का सेवन कम करने से भी पेट या आंतों की सफाई ठीक से नहीं होती है। ऐसे में कई दिनों तक भोजन पचने के बाद व्यर्थ पदार्थ बड़ी आंतों में ही बने रहते हैं, जिससे विषैले या व्यर्थ पदार्थों के जमा होने से पेट की समस्याएं शुरू हो सकती हैं। बड़ी आंतों में मौजूद गंदगी, मल को बाहर निकालना हेल्दी रहने के लिए बहुत जरूरी है। बेहतर होगा कि आप प्रतिदिन 3 लीटर पानी जरूर पिएं। इससे कब्ज की समस्या नहीं होगी। फाइबर से भरपूर चीजें भी खाएं, ताकि कब्ज की समस्या ना हो।

## आंतों की सफाई के लिए फाइबर है जरूरी

फाइबर के सेवन से कब्ज की समस्या नहीं होती है। इससे बड़ी आंतों या कोलोन की सफाई या डिटॉक्सिफिकेशन बहुत आसानी से होगी। कब्ज की समस्या नहीं परेशान करेगी। पाचन तंत्र भी सुचारू रूप से कार्य करेगा। हरी सब्जी, चोकर युक्त आटा, अनाज, फल आदि का सेवन करें। ईसबगोल का सेवन करने से भी कब्ज की समस्या से छुटकारा मिलता है।

## सब्जी और फलों का जूस पीने से आंतों की होगी सफाई

हरी सब्जियों और फलों में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। इनका अधिक से अधिक सेवन करें। साथ ही इनसे तैयार जूस, सूप, स्मूदी भी पी सकते हैं। ये सभी बड़ी आंतों या कोलोन को साफ करने में मदद करते हैं। आप सेब, केला, नींबू पानी, अंगूर आदि फलों का सेवन करें। उन फलों का सेवन करें जिनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। सब्जियों और फलों में प्राकृतिक शुगर, फ्रुक्टोज मौजूद होते हैं। ये लैक्सेटिव स्वभाव यानी पेट साफ करने वाले होते हैं।

## पिएं गर्म नींबू पानी, आंतों की होगी सफाई

यदि आपके पेट की साफ-सफाई सही तरीके से नहीं हो पाती है, तो हर दिन सुबह उठकर सबसे पहले एक गिलास गर्म नींबू पानी पिएं। इसे पीने के बाद आधे घंटे तक कुछ भी ना खाएं। नींबू पानी गर्म पीने से पेट की आंतों में मौजूद गंदगी, कचरा पूरी तरह से बाहर निकल जाएगा। नींबू से इम्यूनिटी भी मजबूत होगी, जिससे आप कई अन्य शारीरिक समस्याओं से बचे रह सकते हैं।

# एसजे पब्लिक स्कूल के एलुमनी स्टूडेंट्स के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया

एसजे पब्लिक स्कूल जनता कॉलोनी, में एलुमनी स्टूडेंट्स के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रफीक खान विधायक आदर्श नगर उपस्थित रहे। रिमांशु जैन की टीम ने मैच जीता व हिमांशु जैन-मैन ऑफ द मैच रहे। टीम व मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार विनोद सुधा जैन ने दिया। इस अवसर पर समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष अर्चना शर्मा की भी गौरवमय उपस्थिति रही।

# कोल्ड चेन इंडस्ट्री एसोसिएशन की साधारण सभा संपन्न





**इंदौर. शाबाश इंडिया**

कोल्ड चेन इंडस्ट्री एसोसिएशन मध्य प्रदेश की साधारण सभा पिपलियाहाना चौराहे पर स्थित होटल एसेंसिया लग्जरी मैं संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सांसद शंकर ललवानी, विशेष अतिथि पार्षद व एमआई सी सदस्य राजेश उदावत एवं एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री के अध्यक्ष योगेश मेहता थे। अध्यक्षता कोल्ड चेन इंडस्ट्री के अध्यक्ष हसमुख जैन गांधी ने की। इस अवसर पर सभा में स्थानीय एवं बाहर से आए ढाई सौ सदस्यों ने आलू भंडारण एवं भविष्य और कोल्ड स्टोरेज व्यवसाय से संबंधित विषयों और समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श किया। इस क्षेत्र में कार्यरत तकनीकी विशेषज्ञों ने कोल्ड स्टोरेज संचालन एवं उनके रख रखाव के संबंध में सदस्यों के समक्ष प्रेजेंटेशन दिया और सदस्यों के सवालों के जवाब भी दिए। एसोसिएशन के अध्यक्ष हसमुख जैन गांधी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में बताया कि वर्तमान में संपूर्ण मध्यप्रदेश में 300 एवं इंदौर जिले में 100 कोल्ड स्टोरेज कार्यरत है जो आलू ,गाजर, मटर, किराना, खाद्यान्न, फ्रूट्स,ड्राई फ्रूट्स आइसक्रीम आदि खाद्य पदार्थों के भंडारण एवं संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर प्रतिवर्षा नुसार कोल्ड स्टोरेज इंडस्ट्री मैं कार्यरत स्टॉफ के परिवार की अध्ययनरत 70 छात्राओं को ढाई लाख रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई मुख्य अतिथि श्री शंकर लालवानी ने कहा की इंदौर का विकास तेजी से हो रहा है यहाँ कोल्ड स्टोरेज एवं लॉजिस्टिक की प्रबल संभावनाए हैं। सभा को श्री राजेश उदावत, एवं श्री योगेश मेहता ने भी संबोधित किया। अतिथि स्वागत श्री बाबूलाल चौधरी, अजीत वाधवानी, जगदीश पटेल, कोशिक कलवानी, पी डी अग्रवाल, कैलाश धानुका आदि ने किया, सभा का संचालन अजीत वाधवानी ने किया एवं आभार बाबूलाल चौधरी ने माना।

# संगिनी फॉरएवर ग्रुप पुनः विजयी



**उज्जैन. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के तत्वावधान में डांस के सितारे 3 नृत्य का महामुकाबला मेगा ग्रैंड फिनाले राउंड का आयोजन उज्जैन में 7 जनवरी को शानदार तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगिनी फॉरएवर ग्रुप की नेहा जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर संगिनी ग्रुप का नाम रोशन कर दिया जयपुर रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्य बड़जात्या व निर्मल संघी के सानिध्य में वह संगिनी फॉरएवर ग्रुप की अध्यक्षा श्रीमती शकुंतला जी बिंदायका वह ग्रुप के मेंबर अनीता विनायकया व लता जैन लक्ष्मी, बोहरा, सीमा जैन व सम्यक ग्रुप के फाउंडर महावीर प्रसाद बिंदायका, अध्यक्ष महावीर बोहरा, सचिव इंद्र कुमार जैन व कोषाध्यक्ष मुकेश जैन व उप मंत्री सुनील ठोलिया आदि ने उज्जैन में आकर अपनी सहभागिता निभाई ।




## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com